पंजीकृत
=======

प्रेषक,

संयुक्त शिक्षा निदेशक,
सहारनपुर मण्डल,सहारनपुर।

सेवा में,

शिक्षा निदेशक(माध्यमिक),
शिविर कार्यालय 18 पार्क रोड़,
उ0प्र0 लखनऊ।

एन0ओ0सी0/ 882-83 /2002-03 दिनांक: 18-5-2002

मदरलैण्ड पब्लिक स्कूल,शामली(मु0नगर) को सी0बी0एस0ई0नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रबन्धक/प्रधानाचार्य,मदरलैण्ड पब्लिक स्कूल,शामली (मु0नगर) के पत्र दिनांक: 18-4-2002 के द्वारा सी0बी0एस0ई0नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु उ0प्र0शासन से अनापत्ति प्रमाण-पत्र एवं अन्य पत्रजात इस कार्यालय को प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदन-पत्र एवं अन्य पत्रजातों के अनुसार विद्यालय का दिनांक: 9-5-2002 को स्थलीय निरीक्षण किया गया।

अतः उक्त संदर्भित प्रकरण में विद्यालय की स्थलीय निरीक्षण के अनुसार निरीक्षण आख्या एवं संस्तुति तथा अनापत्ति प्रमाण-पत्र एवं अन्य पत्रजातों की दो पत्रावलियाँ इस पत्र के साथ संलग्न कर आपकी सेवा में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलग्न-उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(कु0रमेश शर्मा)
संयुक्त शिक्षा निदेशक,
सहारनपुर मण्डल,सहारनपुर।

पृ0सं0/एन0ओ0सी0/ /2002-03 उसी तिथि को।

प्रतिलिपि प्रबन्धक/प्रधानाचार्य,मदरलैण्ड पब्लिक स्कूल,शामली, (मु0नगर) को सूचनार्थ प्रेषित।

(कु0रमेश शर्मा)
संयुक्त शिक्षा निदेशक,
सहारनपुर मण्डल,सहारनपुर।

PRINCIPAL
MOTHERLAND PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO C.B.S.E. (NEW DELHI)
AFF. No.-2130551, DISTT.-SHAMLI

MANAGER
Mother Land Public School
SHAMLI

मदरलैण्ड पब्लिक स्कूल, शामली (मुजफ्फरनगर) को सी0बी0एस0ई0 नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु उ0प्र0शासन द्वारा अनापत्ति प्रमाण-पत्र के सम्बन्ध में स्थलीय निरीक्षण आख्या:-

| | |
|---|---|
| 1. स्थलीय निरीक्षण की तिथि: | 09-05-2002 |
| 2. विद्यालय स्थापना का वर्ष: | 1980 |
| 3. आवेदन-पत्र प्रेषण की तिथि: | 19-4-2002 |
| 4. आवेदन-पत्र का शुल्क: | ट्रेजरी चालान सं015 दिनांक: 19-4-2002 के द्वारा रू01000/- निर्धारित लेखाशीर्षक में भारतीय स्टेट बैंक आफ इन्डिया, शामली (मुजफ्फरनगर) में जमा किया गया है। (ट्रेजरी चालान की मूल प्रति संलग्न है) |
| 5. सोसायटी का संचालन/पंजीकरण संख्या एवं तिथि: | विद्यालय का संचालन मदरलैण्ड पब्लिक स्कूल, पंजाबी कालोनी, शामली, जिला-मुजफ्फरनगर द्वारा किया जा रहा है। सोसायटी का नवीनीकरण सं0117/2000 दिनांक: 22-6-2000 द्वारा दिनांक: 2-12-99 से आगामी पांच वर्ष के लिए नवीनीकृत किया गया है। (सोसायटी नवीनीकरण प्रमाण-पत्र की प्रति संलग्न है) |
| 6. सोसायटी के प्रबन्धाधिकरण का गठन: | सोसायटी के प्रबन्धाधिकरण का गठन विधिवत किया गया है। प्रबन्धाधिकरण के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सूची, सोसायटी के मेमोरेण्डम की प्रति एवं प्रबन्धाधिकरण के पदाधिकारी/सदस्य आपस में संबंधी न होने का प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट का शपथ-पत्र मूल रूप में संलग्न है। |
| 7. सोसायटी की वित्तीय स्थिति: | सोसायटी के वित्तीय आय-व्ययक का विगत दो वर्षों का विवरण चार्टेड एकाउन्टेंट द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न है। |
| 8. विद्यालय प्रबन्धतंत्र का गठन/विधान, शक्तियों का विवरण: | विद्यालय प्रबन्धतंत्र का गठन विधिवत् किया गया है। प्रबन्धतंत्र का विधान, शक्तियाँ एवं कार्य सी0बी0एस0ई0 नियमावली के अनुरूप है। |
| 9. विद्यालय की स्थिति एवं उद्देश्य तथा संक्षिप्त इतिहास: | विद्यालय नगरपालिका परिक्षेत्र में स्थित है। विद्यालय की रेलवे स्टेशन से बस स्टैंड से 50 मीटर है। विद्यालय नगर क्षेत्र में स्थित है तथा 0। कि0मी0 की परिधि में मात्र एक सी0बी0एस0ई0 से सम्बद्ध विद्यालय है। विद्यालय में सह शिक्षा प्रणाली लागू है, विद्यालय का स्वरूप दिवा है। विद्यालय सत्र अप्रैल से मार्च तक है। विद्यालय का मुख्य उद्देश्य छात्र/छात्राओं को अच्छी शिक्षा सुलभ कराना तथा उनके शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं नैतिक विकास करना है। विद्यालय में अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्रदान की जाती है। (विद्यालय की स्थिति एवं उद्देश्यों की प्रति संलग्न है) |

MANAGER
Mother Land Public School
SHAMLI

.....2

PRINCIPAL
MOTHERLAND PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO C.B.S.E. (NEW DELHI)
AFF. No.-2130551, DISTT.-SHAMLI

10. विद्यालय की छात्र संख्या:

स्थलीय निरीक्षण के समय विद्यालय की छात्र संख्या निम्नवत् पाई गई:–

| कक्षा | अनुभाग | बालक | बालिका | योग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| के०जी० | ए | 22 | 09 | 31 |
| के०जी० | बी | 28 | 05 | 33 |
| प्रथम | ए | 22 | 12 | 34 |
| प्रथम | बी | 24 | 12 | 36 |
| द्वितीय | ए | 18 | 11 | 29 |
| द्वितीय | बी | 21 | 10 | 31 |
| तृतीय | – | 25 | 08 | 33 |
| चतुर्थ | – | 20 | 15 | 35 |
| पंचम | – | 18 | 10 | 28 |
| षष्ठम | – | 29 | 12 | 41 |
| सप्तम | – | 24 | 14 | 38 |
| अष्ठम | – | 27 | 12 | 39 |
| योग: | | 278 | 130 | 408 |

11. विद्यालय किसी अन्य परिषद/परीक्षा से सम्बद्ध है:

विद्यालय आंग्ल भारतीय विद्यालय उ०प्र०, लखनऊ से कक्षा–8 तक अंग्रेजी माध्यम हेतु मान्यता प्राप्त है। (मान्यता पत्र संलग्न है)

12. विद्यालय भूमि/भवन निजी/किराये का है तथा विद्यालय परिसर का क्षेत्रफल :

विद्यालय की भूमि/भवन जहाँ पर वर्तमान में विद्यालय संचालित है, तीस वर्ष से किराये पर है, जिसका क्षेत्रफल–675 वर्ग गज है। विद्यालय की भूमि जिस पर विद्यालय का नवीन भवन निर्माण हो रहा है, निजी है। इस निजी भूमि/भवन का क्षेत्रफल–1212 वर्ग गज है। विद्यालय भूमि/भवन का किरायानामा व निजी भूमि/भवन का बैनामा की प्रति संलग्न है।

13. विद्यालय में निर्मित भवन का विवरण:

विद्यालय की पुरानी बिल्डिंग के कुल–675 वर्ग गज भूमि में निर्मित भवन का विवरण:–

| कक्षों की सं० | माप | प्रयोग |
|---|---|---|
| भूतल: | | |
| 02 | 14×13.6 वर्गफुट | कक्षा–कक्ष |
| 01 | 14×14 ,, | ,, |
| 01 | 21.9×14 ,, | ,, |
| 01 | 17.10×16 ,, | ,, |
| 01 | 17.10×13 ,, | ,, |
| 01 | 8×12.6 ,, | प्रधानाचार्य कक्ष |
| 02 | 9×9 ,, | कार्यालय कक्ष/स्टाफ |
| 01 | 9×4 ,, | स्टोर |
| 01 | 9×10 ,, | स्वागत कक्ष |
| 03 | | शौचालय |
| 11 कक्ष व 03 शौचालय | | |
| प्रथमतल: | | |
| 04 | 21.9×14 वर्गफुट | कक्षा–कक्ष |
| 01 | 21.9×28.9 ,, | हाल |
| 01 | 17.10×16 ,, | कक्षा–कक्ष |
| 01 | 17.10×13 ,, | ,, |

....3

MANAGER
Mother Land Public School
SHAMLI

PRINCIPAL
MOTHERLAND PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO C.B.S.E. (NEW DELHI)
AFF. No.-2130551, DISTT.-SHAMLI

प्रथमतल:

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 17.9×14.4 | वर्गफुट | पुस्तकालयकक्ष |
| 01 | 17.9×14.4 | ,, | कम्प्यूटर कक्ष |
| 01 | 9×4 | 9, | स्टोर |
| 01 | | | शौचालय |

योग 10 कक्ष व 01 शौचालय कक्ष

द्वितीयतल:

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 21.9×14 | वर्गफुट | प्रयोगशाला जीव विज्ञान |
| 01 | 21.9×14 | ,, | प्रयोगशाला भौतिक विज्ञान |
| 01 | 36.6×14.6 | ,, | प्रयोगशाला रसायन विज्ञान। |
| 02 | 17.9×14.4 | ,, | कक्षा-कक्ष |
| 01 | 21.9×28.9 | ,, | हाल |
| 02 | 21.9×14 | | कक्षा-कक्ष |
| 01 | | | शौचालय ब्लाक |

योग-8 कक्ष 1 शौचालय ब्लाक

उक्त विद्यालय भवन के बीच में 37×28वर्गगज का खुला एरिया उपलब्ध है।जहाँ पर छात्र/छात्राओं की परैड आदि कार्यक्रम होते है। विद्यालय भवन का मानचित्र(ब्लू प्रिंट)संलग्न है। विद्यालय की नवीन भूमि/पर चाहर दीवारी व कक्षों का निमार्ण कार्य प्रारम्भ हो गया है। चाहर दीवारी का कार्य पूर्ण किया गया था। तथा नवीन भूमि पर 04 कक्षा-कक्ष 20×25वर्ग फुट के लेंटर तक निर्मित हो चुके थे। 05अन्य कक्षों की नींव डाली जा चुकी है। तथा 01 गार्ड/जेनरेटर रूम निर्मित पाया गया ।

नवीन भवन का प्रस्तावित मानचित्र संलग्न है।

14. विद्यालय में उपलब्ध क्रीडास्थल एवं भवन विस्तार हेतु उपलब्ध भूमि: विद्यालय की नवीन भूमि पर क्रीडास्थल हेतु तथा भवन विस्तार हेतु 10120वर्गगज भूमि उपलब्ध है ।

15. विद्यालय में शौचालय/पीने के पानी की व्यवस्था: विद्यालय में छात्र/छात्राओं के लिए शौचालय एवं पीने के पानी की समुचित व्यवस्था है। विद्यालय में पानी की समुचित व्यवस्था हेतु हैन्डपम्प व टूल्लपम्प भी लगाया गया है।

16. विद्यालय में भौतिक संसाधनों का विवरण: विद्यालय में बिजली, बिजली के पंखे, कुलर, जनरेटर आदि की समुचित व्यवस्था है ।

17. विद्यालय में प्राकृतिक संसाधन: विद्यालय में खुले एवं हवादार कक्ष निर्मित है। प्रत्येक कक्षों में दरवाजे/खिडकियां लगी है । कक्षों में पर्याप्त मात्रा में प्राकृतिक प्रकाश/वायु उपलब्ध रहती है ।तथा नवीन भूमि/भवन पर शहरी क्षेत्र से दूर होने के कारण स्वच्छ वातावरण में स्थित है तथा विद्यालय परिसर में हरे पेड़ लगाये गये है ।

18. कम्प्यूटर शिक्षा व्यवस्था: विद्यालय में कम्प्यूटर शिक्षा व्यवस्था लागू है तथा विद्यालय में 10कम्प्यूटर उपलब्ध है।



PRINCIPAL
MOTHERLAND PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO C.B.S.E. (NEW DELHI)
AFF. No.-2130551, DISTT.-SHAMLI

18. पुस्तकालय/वाचनालय की व्यवस्था: विद्यालय पुस्तकालय में 05 अल्मारियों में कुल-2829 पुस्तकें उपलब्ध है। पुस्तकों की सूची मूल्य सहित संलग्न है।

20. क्रीड़ा सामग्री की उपलब्धता: विद्यालय में पर्याप्त मात्रा में क्रीडा सामग्री उपलब्ध है। क्रीडा सामग्री रु012155/-की संलग्न है ।

21. विज्ञान सामग्री की उपलब्धता: विद्यालय में पर्याप्त मात्र में विज्ञान सामग्री उपलब्ध है। विद्यालय में उपलब्ध जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान व रसायन विज्ञान सामग्री की सूची मूल्य सहित उपलब्ध है ।

22. वाद्ययंत्रों की उपलब्धता: विद्यालय में संगीत हेतु पर्याप्त मात्रा में वाद्यय यंत्र उपलब्ध है। वाद्य यंत्रों की सूची मूल्य सहित संलग्न है।

23. विद्यालय में साज-सज्जा/फर्नीचर आदि की व्यवस्था: विद्यालय में छात्र/छात्राओं एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य/कार्यालय/स्टाफ रूम आदि में बैठने हेतु पर्याप्त मात्रा में फर्नीचर उपलब्ध है फर्नीचर आदि की सूची मूल्य सहित संलग्न है।

24. शिक्षण सामग्री की उपलब्धता: विद्यालय में पर्याप्त मात्रा में शिक्षण सामग्री मानचित्र,चार्ट,कलैन्डर,ग्लोब आदि उपलब्ध है। सूची मूल्य सहित संलग्न है।

25. विद्यालय में विद्युत सामग्री की उपलब्धता: विद्यालय में विद्युत सामग्री हेतु पंखे,कूलर, जेनरेटर,टेलीफोन आदि की समुचित व्यवस्था है। सूची मूल्य सहित संलग्न है।

26. प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था: विद्यालय में छात्र/छात्राओं एवं शिक्षक व कर्मचारियों के लिए प्राथमिक चिकित्सा की समुचित व्यवस्था की गई है। चिकित्सा सामग्री की सूची मूल्य सहित संलग्न है।

27. विद्यालय में कार्यरत स्टाफ एवं वेतन का भुगतान: स्थलीय निरीक्षण के समय उपस्थिति पंजिका के अनुसार विद्यालय में एक प्रधानाध्यापक, 14 शिक्षक, एक एकाउन्टेन्ट, 02 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित पाये गये। विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों में से 03 शिक्षकों को छोडकर सभी प्रशिक्षित प्राप्त है। विद्यालय के समस्त स्टाफ को वेतन का भुगतान बैंक खाता पद्धति के के माध्यम से किया जा रहा है। स्टाफ स्टेटमेंट एवं माह अप्रैल,2002 के वेतन भुगतान का बैंक बाउचर की प्रति संलग्न है।

28, विद्यालय में ली जा रही शुल्क का विवरण: विद्यालय में ली जा रही शुल्क का विवरण:

| मद का नाम | केजी से कक्षा-5 | कक्षा-6 से [illegible] |
|---|---|---|
| 1. शिक्षणशुल्क | 175.00 | 210.00 |
| 2. परीक्षाशुल्क | 200.00 | 250.00 |
| 3. क्रीडाशुल्क | 100.00 | 150.00 |
| 4. विद्युत शुल्क | 50.00 | 50.00 |
| 5. चिकित्साशुल्क | 50.00 | 50.00 |
| 6. पुस्तकालयशुल्क | - | 50.00 |
| 7. मँहगाई शुल्क | 100.00 | 200.00 |
| 8. कम्प्यूटर शुल्क | - | 40.00 |
| योग- | 675.00 | 1000.00 |

...5

PRINCIPAL
MOTHERLAND PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO C.B.S.E. (NEW DELHI)
AFF. No.-2130551, DISTT.-SHAMLI

विद्यालय में प्रवेश के समय वार्षिक शुल्क का विवरण:-
कक्षा-के०जी०से कक्षा-5 तक रु०500.00
कक्षा-6 से कक्षा-8 तक रु०750.00

| | |
|---|---|
| 29. विद्यालय कर्मचारियों की सेवा नियमावली एवं कल्याणकारी योजना: | विद्यालय के कर्मचारियों हेतु सी०बी०एस०ई० नियमावली के अनुसार सेवा नियमावली बनाई गई है। विद्यालय स्टाफ हेतु पी०एफ०योजना लागू की गई है।(कर्मचारियों की सेवा नियमावली एवं पी०एफ०कटौती का विवरण संलग्न है) |
| 30.उ०प्र०शासन की प्रतिबन्धों की बाध्यता: | विद्यालय प्रबन्धाधिकरण द्वारा उ०प्र०शासन द्वारा निर्दिष्ट प्रतिबन्धों की आध्यता को स्वीकार करते हुए प्रतिबन्धों को सोसायटी मैमोरेन्डम में समाविष्ट किया गया है। (सोसायटी मैमोरेण्डम की प्रति संलग्न है) |
| 31. संयुक्त शिक्षा निदेशक की आख्या एवं संस्तुति: | मदरलैण्ड पब्लिक स्कूल, शामली(मु०नगर) द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण-पत्र के आवेदन-पत्र के अनुसार विद्यालय का दिनांक: 9-5-2002को स्थलीय निरीक्षण किया गया। विद्यालय के स्थलीय निरीक्षण एवं प्रेषित आवेदन-पत्र एवं अभिलेखों के आधार पर उक्त विद्यालय को अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत करने हेतु संस्तुति की जाती है। |

(कु०रमेश शर्मा)
संयुक्त शिक्षा निदेशक,
सहारनपुर मण्डल,सहारनपुर।

PRINCIPAL
MOTHERLAND PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO C.B.S.E. (NEW DELHI)
AFF. No.-2130551, DISTT.-SHAMLI